R.N.I. No. UPHIN/2023/86842 वर्ष : 02 अंक : 144 | लखीमपुर–खीरी, शनिवार 12 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ – 04 मूल्य – 01

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संज्ञान दृष्टि

एक सम्पूर्ण अखबार

मोबाइल नं0–7080049049 sangyandristinewspaper@gmail.com website-Sangyannews.com twitter-Sangyannews

लखीमपुर–खीरी, दिल्ली एनसीआर के साथ–साथ इंदौर, गौरखपुर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बहराइच, लखनऊ, अयोध्या, गया (बिहार)

## एक नज़र

**लखनऊ–** दशहरे से होने जा रहा चांदी वाली रामलीला का आगाज, बेशकीमती चांदी के होंगे अस्त्र–शस्त्र और वस्त्र, श्रीरामचंद्र जी का विशेष धनुष बेशकीमती चांदी का होगा, हनुमान जी की गदा भी विशेष चांदी से बनी होगी, चांदी के बने मुकुट पहनेगी रामलीला में सभी पात्र, 90 सालों से ऐतिहासिक चौक रामलीला का आयोजन, रामलीला में चांदी के शस्त्रों के साथ रोल निभाते हैं पात्र, ऐतिहासिक रामलीला को दूर–दूर से देखने आते हैं लोग, गंगा जमुना तहजीब की मिसाल पेश करती है रामलीला।

**लखनऊ–** सेवानिवृत पुलिस इंस्पेक्टर के खिलाफ केस दर्ज, पेट्रोल पंप साझेदारी को लेकर लाखों रुपए हड़पने का केस, रिटायर्ड इंस्पेक्टर राम विशाल यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, गुडंबा थाना में दर्ज हुआ रिटायर्ड इंस्पेक्टर पर मुकदमा।

**सीतापुर–** कंपाइंड मशीन की चपेट में आने से हुआ बड़ा हादसा, बाइक सवार की मौत, दूसरा गम्भीर रूप से घायल, कंपाइंड मशीन चालक मौके से हुआ फरार, घायल को नजदीकी सीएचसी में कराया गया भर्ती, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के रमना फार्म ककरही मार्ग का मामला।

**रतापगढ़–** नाबालिग बच्चे की खंभे से बांधकर जमकर पिटाई, दबंग शुभम अग्रवाल ने 10 रुपए चोरी के शक में पीटा, पहले गणेश पंडाल,फिर चिलबिला चौराहे पर पिटाई की, श्री पैलेस मैरिज हॉल में खंभे से बांधकर पीटा गया, बच्चे की डंडों और लोहे की रॉड से पिटाई की गई, चिलबिला चौकी पुलिस रईसजादे शुभम को बचाने में जुटी, पीड़ित की मां अपनी शिकायत दर्ज कराने को भटक रही, चौकी और कोतवाली के चक्कर काट रही पीड़ित की मां।

**अलीगढ़–** युवक के घर पर दबंगों ने पथराव करने के साथ की फायरिंग, फायरिंग की घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल, दबंग आए दिन युवक से मांगते हैं रंगदारी, रंगदारी में दबंग पीड़ित युवक से ले चुके हैं 20 हजार, रंगदारी के नाम पर युवक से 50000 की और कर रहे मांग, पीड़ित युवक के द्वारा पैसे ना देने पर घर पर बोला धावा, पुलिस ने पीड़ित के परिजनों की तहरीर पर किया केस दर्ज, सासनी गेट क्षेत्र की खिरनी गेट पुलिस चौकी के पास की घटना।

### आवश्यक सूचना

12 अक्टूबर 2024 को दशहरा के उपलछ पर सभी पाठकों, शुभचिन्तकों और विज्ञापनदाताओं को हार्दिक "शुभकामना,। इस अवसर पर दैनिक संज्ञान दृष्टि कार्यालय में रविवार दिनाँक 13 अक्टूर 2024 को अवकाश" रहेगा। अतः अगली अंक सोमवार दिनाँक 14 सितम्बर 2024 को प्रकाशित होगा।

**सम्पादक**

## नोएल टाटा कैसे चुने गए रतन टाटा के नए उत्तराधिकारी? जानें टाटा ट्रस्ट बोर्ड बैठक की इनसाइड स्टोरी




**मुम्बई (संज्ञान दृष्टि)।** देश के रत्न, रतन टाटा के निधन के बाद सबसे बड़ा सवाल था की टाटा ट्रस्ट के जिस पद को 1991 से रतन टाटा सुशोभित कर रहे थे उस पद पर कौन बैठेगा? कौन होगा उत्तराधिकारी जो रतन टाटा के इंसान और इंसानियत की मूल भावना पर खरा उतरेगा? रतन टाटा के अंतिम संस्कार के 24 घंटे के भीतर ही उनका उत्तराधिकारी चुन लिया गया. दरअसल इसके पीछे भी रतन टाटा का ही दिया गया मूल मंत्र है कीप मूविंग (झममच उवअपदह) यानी आगे बढ़ते रहो.

**पहले रतन टाटा को दी गई श्रद्धांजलि–**शुक्रवार 11 अक्टूबर, 2024 की सुबह 11 बजे टाटा ट्रस्ट बोर्ड की बैठक बुलाई गई. इस बैठक को मीडिया और बाहरी प्रभावों से दूर बॉम्बे हाउस (टाटा ट्रस्ट दफ्तर) से अलग मुंबई के कफ परेड के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के। टावर में 26 वे मंजिल पर स्थित टाटा के एक दफ्तर में बुलाया गया. इस बैठक में टाटा ट्रस्ट बोर्ड के सभी सदस्य मौजूद थे. सबसे पहले रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी गई. श्रद्धांजलि सभा में रतन टाटा के जीवनी के प्रसंग भी बोर्ड सदस्यों ने साझा किया.

**बैठक में कौन कौन थे मौजूद?–** नोएल टाटा – रतन टाटा के सौतेले भाई. वे टाटा संस के बोर्ड में नहीं हैं, लेकिन ट्रेंट और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन के बोर्ड की अध्यक्षता करते हैं. जिमी एन टाटा–रतन टाटा के छोटे भाई है. उम्र दराज है. लो प्रोफाइल रहते है। वेणु श्रीनिवासन–टाटा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष है. सुंदरम क्लेटन लिमिटेड और टीवीएस मोटर कंपनी के मानद अध्यक्ष हैं. वह टाटा संस के बोर्ड में भी हैं और टाटा संस बोर्ड में टाटा ट्रस्ट का प्रतिनिधित्व करते हैं.


विजय सिंह–टाटा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, पूर्व आईएएस हैं. वह ट्रस्ट के प्रतिनिधि के रूप में टाटा संस के बोर्ड में भी हैं। मेहली मिस्त्री: देश के एक नामी व्यवसायी है. मिस्त्री अक्टूबर 2022 में टाटा ट्रस्ट में शामिल हुए और एम पलोनजी ग्रुप ऑफ कंपनीज चलाते हैं. मिस्त्री रतन टाटा के करीबी विश्वासपात्र माने जाते थे। जहांगीर एच.सी. जहांगीर–पुणे के व्यवसायी जहांगीर एक अस्पताल चलाते हैं. वे 2022 में टाटा ट्रस्ट में शामिल हुए। डेरियस खंबाटाः मुंबई में वरिष्ठ अधिवक्ता है. खंबाटा मुंबई के कानूनी हलकों में प्रसिद्ध हैं, उन्होंने कई मामलों में टाटा का प्रतिनिधित्व किया है। प्रमित झावेरीः सिटी इंडिया के पूर्व सीईओ, प्रमित बैंक से रिटायर होने के फौरन बाद टाटा ट्रस्ट में शामिल हो गए.

**वेणु श्रीनिवासन ने नोएल टाटा के नाम का रखा प्रस्ताव–** श्रद्धांजलि सभा के बाद टाटा ट्रस्ट बोर्ड की बैठक की शुरुआत हुई. रतन टाटा, टाटा ट्रस्ट के नाम क्या छोड़कर गए इसकी जानकारी साझा की गई. टाटा ट्रस्ट बोर्ड की बैठक शुरू हने से पहले नोएल टाटा, डेरियस खंबाटा और मेहली मिस्त्री को चेयरमैन पद के लिए रेस में माना जा रहा था. पर टाटा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष वेणु श्रीनिवासन ने प्रस्ताव रखा की नोएल टाटा पद के लिए सही उत्तराधिकारी है. इस पर एकमत से सभी ने सहमति जताई. बैठक में टाटा ट्रस्ट की बोर्ड मीटिंग में एकमत से बैठक में लिया गया और टाटा ट्रस्ट चेयरमैन पद के लिए नोएल टाटा के नाम पर मुहर लग गई. ये तय हो गया की नोएल टाटा, रतन टाटा की जगह लेंगे. रतन टाटा मार्च 1991 से टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन थे।

**नोएल टाटा ऐसे बने टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन–**नोएल टाटा को बोर्ड के सदस्यों में शुभकामना दी. नोएल ने रतन टाटा पर एक भावुक भाषण दिया और बड़ी जिम्मेदारी निभाने और आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया. टाटा ट्रस्ट के नए चेयरमैन के रूप में नोएल टाटा की नियुक्ति की गई, नोएल अब टाटा समूह के दो सबसे महत्वपूर्ण चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रमुख बन गए हैं. नोएल टाटा ट्रस्ट के 11वें अध्यक्ष बने हैं।

सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के छठे अध्यक्ष बने हैं. सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट, ये दोनों ट्रस्ट्स मिलकर टाटा संस, जो टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी है उसमें 66: हिस्सेदारी है. टाटा ट्रस्ट्स भारत के सबसे बड़े पब्लिक चौरिटेबल ट्रस्ट में से एक है, जिसने वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान लगभग 470 करोड़ रुपये का दान के तौर पर योगदान दिया था.

## मुंबई केंद्र और राज्य सरकार जनता को भ्रमित कर रही : संजय राउत



मुंबई। शिवसेना उद्धव यूबीटी के नेता और सांसद संजय राउत ने शिंदे सरकार की चुनावी घोषणाओं पर सवाल उठाते हुए कहा है कि चुनावों के पहले ऐसे निर्णयों की जल्दबाजी की जाती है। उन्होंने कहा कि कें और राज्य सरकार जनता को भ्रमित करने के लिए घोषणाओं की बारिश कर रही हैं, जबकि उनके पास वास्तविक विकास के लिए आवश्यक संसाधन नहीं हैं। सीएम शिंदे की घोषणाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए राउत ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता को यह समझ में आ गया है कि ये घोषणाएं सिर्फ चुनावी गणित का हिस्सा हैं। उन्होंने लाडली बहन योजना और मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट से जुड़े निर्णयों का उदाहरण देते हुए कहा कि उनका उद्देश्य केवल वोट बैंक बढ़ाना है। राउत ने मदरसों के शिक्षकों की सैलरी बढ़ाने को लेकर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अंधभक्तों से मेरा सवाल है क्या यह वोट जिहाद नहीं है? क्या यह वोट के लिए नहीं किया गया है? राउत ने कहा कि उनका पेमेंट बढ़ना चाहिए, लेकिन यह चीज अगर हम लोग करते तो यह कहते हैं कि यह वोट जिहाद है, तो अब मेरा सवाल है, कि इन लोगों ने क्या किया है? हरियाणा के चुनाव में बीजेपी को मिले वोटों को लेकर राउत ने कहा कि बीजेपी को महज 0.6 प्रतिशत वोट ज्यादा मिले, लेकिन फिर भी उन्हें 30 सीटों का फायदा कैसे हुआ, यह गंभीर सवाल है। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाया और कहा कि जनता को यह सोचना चाहिए कि क्या यहां भी गड़बड़ी हो रही है।

राउत ने कैबिनेट मीटिंग में अजीत पवार के अचानक उठकर चले जाने पर कहा कि यह सब 40 प्रतिशत कमीशन के झगड़ों का नतीजा है, जिसमें मंत्रालयों में बैठे लोग अपने हिस्से की वसूली के लिए आपस में लड़ रहे हैं। ये जो उनके फंड हैं, जो घोषणाओं की बारिश कर रहे है कि उसको 500 करोड़, इसको 700 करोड़ और किसी को 800 करोड़। यह सब जो मंत्रालय में बादशाह बैठे है, इनकी 40 प्रतिशत कमीशन के झगड़े हैं। ये लोग जब किसी ठेकेदार को ठेकेदारी देते है तो पहले अपना 40 प्रतिशत कमीशन काट लेते हैं। 40 फीसदी में मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री और बाकी उनके तमाम चेले–चपाटों को पैसा मिलता है। यह 40 प्रतिशत का मामला है, इसलिए इनके झगड़े चल रहे है। राउत ने महाविकास आघाड़ी की सीटों के बंटवारे को लेकर कहा कि उनकी सभी चर्चाएं पूरी हो चुकी हैं। वे जल्द ही 210 विधानसभा सीटों की लिस्ट जारी करेंगे, जिसका कोई विशेष मुहूर्त नहीं होता। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तैयारी पूरी हो चुकी है और महायुति में सब कुछ गड़बड़ है। राउत ने यह भी कहा कि दशहरा रैली परंपरा के अनुसार होगी और उद्धव ठाकरे देश और महाराष्ट्र को संबोधित करेंगे।

## रायपुर किसानों को नुकसान से बचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार 1 नवंबर से करे धान की खरीद : दीपक बैज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में धान खरीद में हो रही देरी पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए राज्य सरकार से अपील की कि धान की खरीद 15 नवंबर की जगह 1 नवंबर से शुरू की जाए। दीपक बैज ने कहा कि इस मानसून के सीजन में प्रदेश में अच्छी बारिश हुई है। किसानों की फसलें भी अच्छी हैं। इसलिए किसानों को नुकसान न हो, इसलिए सरकार को धान की खरीद 1 नवंबर से शुरू कर देनी चाहिए।

उन्होंने कहा, ध्यान की खरीदी 1 नवंबर से होनी चाहिए। इस समय बारिश भी अच्छी हुई है और फसल भी अच्छी है। सरकार ने 15 नवंबर से धान खरीदने का निर्णय लिया है, जो बिल्कुल सही नहीं है। इस मौसम में 200 लाख टन धान की खरीदी होनी चाहिए। इसके बाद उन्होंने केंद्रीय टेक्सटाइल मंत्री गिरिराज सिंह के उस बयान पर भी निशाना साधा जिसमें उन्होंने आजादी के समय सभी मुसलमानों को पाकिस्तान भेजने की वकालत की थी। कांग्रेस नेता ने कहा, घगिरिराज सिंह इस तरह के बयान देकर सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने का काम कर रहे हैं। लोकतंत्र में इस तरह के बयान की कोई जगह नहीं है। भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। दिल्ली की मुख्यमंत्री का बंगला सील करने की घटना को गलत बताते हुए उन्होंने कहा, दिल्ली में चुनी हुई सरकार है, और मुख्यमंत्री निवास को सील करना गलत है। यह लोकतंत्र के खिलाफ है। यह केंद्र सरकार की तानाशाही है। दीपक बैज ने महादेव बेटिंग ऐप मामले में मास्टरमाइंड सौरभ चींाकर की दुबई



से गिरघ्तारी पर कहा कि कई लोगों की गिरफ्तारी हो रही है, लेकिन सरकार ने महादेव पर कार्रवाई क्यों नहीं की? सरकार बने हुए 10 महीने हो गए हैं। महादेव ऐप के नाम पर चुनाव लड़ने वाली भाजपा आज उसी नाम से कमीशन ले रही है। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि महादेव ऐप कब बंद होगा? उन्होंने आगे कहा, जम्मू–कश्मीर के लोकतंत्र में केंद्र सरकार की नाकामी के चलते 10 साल तक चुनाव नहीं हो सके। अब जो चुनाव हुए हैं, उसमें लोकतंत्र की जीत हुई है।

## नोएडा महिला सुरक्षा के लिए पुलिस कमिश्नर ने किया 2 पिंक बूथ का उद्घाटन

नोएडा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए मिशन शक्ति–5 के तहत शुक्रवार को पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने गौतम बुद्ध नगर में दो पिंक बूथ का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा गौतम बुद्ध नगर पुलिस महिला अपराध को रोकने के लिए कृत संकल्प है। इसके लिए विभिन्न प्रकार के कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बूथ बनाने का उद्देश्य कामकाजी महिलाओं को उत्पीड़न और अपराध से बचाना है। किसी भी महिला के साथ अगर कोई अप्रिय घटना होती है तो वह पिंक बूथ पर आकर अपनी समस्या वहां तैनात महिला पुलिस अधिकारियों को बता सकती हैं। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि पिंक बूथ के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सुविधाओं के बारे में महिलाओं और बच्चियों को बताया जाएगा कि बच्ची के जन्म से लेकर शिक्षा–दीक्षा व अच्छा भोजन प्राप्त करना, स्कूल कॉलेज में पढ़ना और उसके पश्चात जीवन उपार्जन के लिए क्या–क्या साधन उपलब्ध हो सकता है, यह सारी जानकारी पिंक बूथ के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए जो पुलिसकर्मी वहां पर तैनात हैं उन्हें विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है।

इस मौके पर पुलिस आयुक्त ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा को बेहतर बनाने व अपराध पर लगाम लगाने के लिए जिले में छह नए पिंक पुलिस बूथ बनाए जा रहे हैं। कमिश्नरेट के तीनों जोन में दो–दो नए पिंक बूथ बनकर तैयार हैं। इन बूथ में महिलाएं किसी तरह की समस्याओं की शिकायत कर सकेंगी। महिला पुलिसकर्मी त्वरित कार्रवाई कर उन्हें सुरक्षित माहौल देंगी।

इसकी निगरानी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी करेंगे। पुलिस आयुक्त ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत बीते साल सात पिंक बूथ स्थापित किए गए थे। महिलाओं को इससे काफी मदद मिली। ऐसे में मिशन शक्ति अभियान के तहत छह नए पिंक बूथ बनाए गए हैं। अब बूथ की संख्या जनपद में 13 हो जाएगी। इस बार नलिज पार्क, दादरी, फेज वन, सेक्टर–58, फेज दो और इकोटेक थर्ड थानाक्षेत्र में पिंक बूथ बनाए गए हैं। इसके लिए ऐसी जगह या चौकियों का चयन किया गया है जहां घनी आबादी हो या महिलाओं की आवाजाही ज्यादा हो। बीते साल पुलिस कमिश्नर ने गेझा, बरौला और सेक्टर–51 चौकी में पिंक बूथ का शुभारंभ किया था। बूथ पर एक सब इंस्पेक्टर और चार महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी। यहां शिकायत दर्ज कराने आने वाली महिलाओं के बैठने समेत सभी मूलभूत सुविधाएं उनके लिए उपलब्ध होंगी। फरियादी महिलाओं के लिए वॉशरूम, किचन और प्राथमिक चिकित्सा की भी यहां सुविधा मिलेगी। किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं बूथ में तैनात महिला पुलिसकर्मियों से मदद ले सकती हैं। बूथ में महिला अपराध से जुड़े सभी मामलों का निस्तारण किया जाएगा। पुलिस के लिए जरूरी सभी तरह के संचार माध्यम यहां होंगे।

## शिमला विजिलैंस की बड़ी कार्रवाई, 20 हजार की रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला में एक भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। नगरोटा बगवां तहसील के अंतर्गत आते पटवार सर्कल अंबाड़ी में तैनात पटवारी को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए विजिलैंस की टीम ने रंगे हाथ गिरघ्तार किया है। विजिलैंस की टीम ने यह कार्रवाई शिकायत मिलने के बाद अमल में लाई है।

जानकारी के अनुसार नगरोटा बगवां निवासी मनोज कुमार ने इस बाबत विजिलैंस थाना धर्मशाला में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि पटवार सर्कल अंबाड़ी में तैनात पटवारी कपिल देव स्त्रषि प्रमाणपत्र जारी करने के एवज में उससे 20 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। शिकायत मिलने के बाद विजिलैंस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक जाल बिछाया और पटवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ धर दबोचा।

## नई दिल्ली डोनाल्ड ट्रंप के बिजली बिल के बयान से आप गदगद, अपनी तारीफ के बांधे पुल

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में भी दिल्ली की रेवड़ी वाले मडिंल ने एंट्री मार ली है। ऐसा दावा आम आदमी पार्टी आप का करना है। यहां तक कि पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल की तारीफ के पुल बांधने में जुटे हैं। दरअसल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक वीडियो शेयर किया है।

दोनों नेताओं ने ट्रंप के बिजली वाले ऐलान पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इसके साथ ही ट्रंप के बिजली बिल के बयान से आप गदगद नजर आई और अपनी तारीफ के पुल बांध रही है। एक तरफ जहां दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अमेरिका में मुघ्त की रेवड़ी पहुंचेगी। वहीं, आप नेता राघव चड्ढा ने कहा केजरीवाल का शासन का मॉडल सस्ती बिजली, मुघ्त पानी, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और मुघ्त विश्व स्तरीय शिक्षा, सही मायने में कल्याणवाद का एक शानदार उदाहरण है। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्रंप का वीडियो शेयर किया है, जिसमें अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के राष्टन्नपति



उम्मीदवार ट्रंप ने मिशिगन में एक चुनावी कैंपेन में कहा कि मैं 12 महीनों के भीतर बिजली की कीमत आधी कर दूंगा। हम अपने पर्यावरण संबंधी अनुमोदनों में तेजी से गंभीरता लाएंगे और अपनी बिजली क्षमता को जल्दी से दोगुना कर देंगे। इससे मुद्रास्फीति कम होगी और अमेरिका और मिशिगन फैक्ट्री बनाने के लिए धरती पर सबसे अच्छी जगह बनेंगे। बता दें कि अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। भारत की ही तरह अमेरिका में चुनावी अभियान में नागरिकों से कई लोकलुभावन वादे किए जा रहे हैं। इसी वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफर्मि एक्स पर शेयर करते हुए केजरीवाल ने लिखा, टन्नंप ने घोषणा की है कि वे बिजली की दरें आधी कर देंगे। अमेरिका में मुफ्त की रेवड़ी पहुंचेगी... डोनाल्ड ट्रंप का वीडियो आप सांसद राघव चड्ढा ने भी एक्स पर शेयर किया।

उन्होंने लिखा, ट्रंप ने बिजली बिलों पर 50 प्रतिशत छूट देने की बात कही है। इससे पता चलता है कि अरविंद केजरीवाल ने कैसे विश्व स्तर पर शासन के लिए मानक स्थापित किए हैं। उनका शासन का मॉडल सस्ती बिजली, मुफ्त पानी, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और मुघ्त विश्व स्तरीय शिक्षा, सही मायने में कल्याणवाद का एक शानदार उदाहरण हैं। दुनिया का ध्यान इस पर है।

# सम्पादकीय

## हरियाणा की जीत के बाद फिर लौटा नरेंद्र मोदी का पुराना अंदाज

मंगलवार की रात मोदीजी ने अपने पुराने अंदाज में ही भाषण दिया। हरियाणा में भाजपा की सफलता के बाद प्रधानमंत्री के विजय भाषण से ऐसा लगा जैसे उन्होंने राष्ट्रीय चुनाव में जीत हासिल कर ली हो। उन्होंने वह सब कुछ कहा जो उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद कहने की योजना बनाई थी, लेकिन अपनी पार्टी के लिए कम जनादेश के कारण ऐसा नहीं कर सके थे। मंगलवार की रात का संबोधन राज्य विधानसभा चुनाव के दायरे से कहीं आगे निकल गया। हरियाणा में भाजपा की अप्रत्याशित सफलता ने उनमें नई एडरेना लाईन की खुराक भर दी। इस संबोधन में मोदी ने अविश्वास से भरा और एक ऐसे नेता की छवि पेश की जो अपने आख्यान को फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक था। बॉडी लैंग्वेज ने नये जोश की कहानी बयां की, जो 2024 के चुनाव के बाद के मोदी के बिल्कुल विपरीत था, जो हिचकिचाते और सतर्क दिखाई दिए थे। उस समय, उनके भाषण गठबंधन की गतिशीलता और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के संदर्भों से भरे हुए थे, जो एक ऐसे नेता को दर्शाते थे जो अपने सहयोगियों द्वारा असुरक्षित और विवश महसूस करता था। लेकिन मंगलवार की रात की बात अलग थी। उन्होंने भाजपा की उपलब्धियों और विजन के बारे में जोश से बात की और प्रभावी रूप से माहौल को अपने पक्ष में मोड़ दिया एक ऐसे समय में जब लग रहा था कि राहुल गांधी की कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष गति पकड़ रहा है। शुरुआती चुनावी गणनाओं से कांग्रेस के लिए संभावित भूस्खलन का संकेत मिल रहा था, जिससे उसके समर्थकों में आशावाद जग रहा था। फिर भी, जैसे–जैसे परिणाम सामने आये, भाजपा ने पूर्वानुमानों को झुठलाते हुए अपने मुख्यालय में उदास माहौल को उल्लास में बदल दिया। इस बदलाव ने न केवल पार्टी के उत्साह को बढ़ाया बल्कि अपने समर्थकों के बीच मोदी की स्थिति को भी मजबूत किया। यह आगामी महाराष्ट्र चुनावों के लिए एक रणनीतिक स्प्रिंगबोर्ड के रूप में कार्य कर सकता है, जहां दांव ऊंचे हैं।

मौजूदा सर्वेक्षणों से पता चलता है कि कांग्रेस–एनसीपी शरद पवार–शिव सेना उद्धव गठबंधन भाजपा के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। मुंबई में जीत राहुल गांधी के लिए बहुत जरूरी गति प्रदान करेगी, जिनकी पार्टी घटते मनोबल से जूझ रही है। मोदी के लिए, हरियाणा के परिणाम न केवल उनके आत्मविश्वास को फिर से जीवंत करते हैं, बल्कि उन्हें आगे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार होने के साथ–साथ कहानी को अनुकूल रूप से तैयार करने का अवसर भी देते हैं। मोदीजी के भाषण में विकास और शासन के विषयों पर जोर दिया गया। उन्होंने कांग्रेस और उसके तरीकों पर सीधा हमला किया और बताया कि कैसे पार्टी समकालीन राजनीतिक इतिहास में लंबे समय तक कभी भी दूसरा कार्यकाल नहीं जीत पाई है। उन्होंने कांग्रेस के घावों पर नमक छिड़कते हुए उन्हें याद दिलाया कि भाजपा को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए हरियाणा में सत्ता में वापस लाया जा रहा है और इस सफलता का श्रेय उन्होंने जनता के लिए सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों को दिया। भाजपा इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि कांग्रेस में कमजोरी का कोई भी संकेत उसकी अपनी गति में फिर से उछाल ला सकता है। यह स्पष्ट है कि पार्टी आने वाले चुनावों में स्थिरता और प्रगति के चैंपियन के रूप में खुद को स्थापित करेगी, एक ऐसा कथानक जो महाराष्ट्र में विशेष रूप से अच्छी तरह से प्रतिध्वनित होता है, जहां विकास संबंधी मुद्दे सर्वोपरि हैं। हरियाणा में, भाजपा ने स्थानीय चिंताओं और मोदीजी की राष्ट्रीय अपील दोनों का लाभ उठाया। बुनियादी ढांचे, महिलाओं की सुरक्षा और रोजगार सृजन पर उनका ध्यान मतदाताओं के दिलों में घर कर गया, जिससे दबाव वाले मुद्दों को संबोधित करने के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को बल मिला। यह जमीनी स्तर का जुड़ाव महत्वपूर्ण है क्योंकि भाजपा कार्रवाई और परिणामों की पार्टी के रूप में अपना ब्रांड बनाना जारी रखती है। निस्संदेह, बढ़ती प्रतिस्पर्धा के खिलाफ अपनी चुनावी गति को बनाये रखने में भाजपा के सामने एक बड़ी चुनौती है। दूसरी ओर कांग्रेस–एनसीपी शरद पवार–शिवसेना (उद्धव ठाकरे) गठबंधन के सामने एक बड़ा काम है: उन्हें एक आकर्षक प्रति–कथा को अपनाना और प्रस्तुत करना होगा। राहुल गांधी का नेतृत्व जांच के दायरे में होगा, और पार्टी को वर्तमान प्रशासन की नीतियों से निराश मतदाताओं को जोड़ना होगा। क्षेत्रीय गतिशीलता भी महत्वपूर्ण है। हरियाणा में परिणाम आसन्न राज्यों में भाजपा के आधार को और मजबूत करेगा, जिससे गठबंधन को बढ़ावा मिलेगा जो एक विखंडित विपक्ष के खिलाफ अपनी स्थिति को मजबूत करेगा। इसलिए महाराष्ट्र चुनाव भाजपा के लचीलेपन और कांग्रेस की अनुकूलन क्षमता दोनों के लिए एक अग्नि परीक्षा होगी। मोदी का विजय भाषण एक अधिक मुखर अभियान शैली की ओर वापसी के संकेत देता है। प्रधानमंत्री अपनी बयानबाजी को और तेज कर सकते हैं क्योंकि उनका लक्ष्य सत्ता को मजबूत करना और भाजपा के भीतर और विपक्ष दोनों से चुनौतियों का सामना करना है। यह 2024 के लोकसभा चुनावों में असफलता के बाद से अपनाये गये सतर्क दृष्टिकोण से अलग है, जिसमें उन्होंने गठबंधन बनाने और आम सहमति पर ध्यान केंद्रित किया है। हरियाणा में मोदी की जीत ने भाजपा में नई ऊर्जा भर दी है और पार्टी अपने राष्ट्रीय अभियान के लिए इस सफलता को लॉन्चिंगपैड के रूप में भुनाने के लिए उत्सुक है। प्रधानमंत्री की अपनी पार्टी को एकजुट करने और एक स्पष्ट, सम्मोहक दृष्टिकोण व्यक्त करने की क्षमता आने वाले महीनों में महत्वपूर्ण होगी। राजनीतिक विश्लेषक निस्संदेह हरियाणा के परिणामों के निहितार्थों का विश्लेषण करेंगे। एक स्पष्ट संदेश उभर कर आता है: मोदी अपनी नेतृत्व शैली पर फिर से जोर दे रहे हैं। वह चाहते हैं कि इस जीत से मिली ऊर्जा को महाराष्ट्र और उससे आगे के लिए गति बनाने में लगाया जाये। उभरती हुई राजनीतिक कहानी एक व्यापक प्रवृत्ति को दर्शाती है क्षेत्रीय जीत का राष्ट्रीय स्तर पर गहरा असर हो सकता है। जैसे–जैसे भाजपा अपनी सफलता का आनंद ले रही है, कांग्रेस और उसके सहयोगियों के लिए निहितार्थ स्पष्ट होते जा रहे हैं, जो समकालीन राजनीति की लगातार बदलती गतिशीलता को उजागर कर रहे हैं। प्रत्येक चुनाव चक्र जटिलता की परतें जोड़ता है, जिसमें शामिल सभी लोगों से अनुकूलनशीलता और रणनीतिक दूरदर्शिता की मांग की जाती है।

## जम्मू–कश्मीरः मोदीशाही की हार

मंगलवार, 8 अक्टूबर को आये चुनाव के नतीजों में प्रकटतः मुकाबला एकदम बराबरी पर छूटा है। हरियाणा में नब्बे में से 48 सीटों के साथ भाजपा तीसरी बार सरकार बना रही है, तो जम्मू–कश्मीर में नब्बे सीटों में से ही 49 सीटों के साथ, इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है, जिसका नेतृत्व नेशनल कान्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला के करने की संभावना है। बहरहाल, इसे मीडिया पर मोदी राज तथा सत्ताधारी पार्टी की पूरी तरह से जकड़ और सत्ताधारी संघ–भाजपा की मनमाफिक नैरेटिव गढ़ने की महारत का ही साक्ष्य माना जाएगा कि आम तौर पर चुनाव के इस चक्र का नतीजा यही बताया जा रहा है कि, भाजपा की जीत हुई है। और यह प्रस्तुति चुनाव के इस चक्र में जीत के दावे तक ही नहीं रुकती है। इससे आगे बढ़कर, भक्त मीडिया ने न सिर्फ इसके दावे करने शुरू कर दिए हैं कि इससे महाराष्ट्र तथा झारखंड के अगले कुछ महीनों में ही होने जा रहे चुनावों में भी भाजपा की जीत का रास्ता बन गया है, बल्कि इसके दावे भी किए जा रहे हैं कि चंद महीने पहले हुए लोकसभा चुनावों में जो मोदी और भाजपा के खिलाफ वातावरण बना था, बदलकर मोदी और भाजपा के पक्ष में हो चला है! महाराष्ट्र में भाजपा के सर्वोच्च नेता तथा उप–मुख्यमंत्री, देवेंद्र फडनवीस ने खासतौर पर हरियाणा के चुनाव नतीजों के आधार पर यह दावा किया है। लेकिन, चुनाव के इस चक्र के वास्तविक नतीजे तो ऐसे किसी निष्कर्ष की किसी भी तरह इजाजत नहीं देते हैं। उल्टे जैसाकि हम आगे देखेंगे, जम्मू–कश्मीर में मोदीशाही की हार ही इस चुनाव की असली कहानी है, न कि हरियाणा की भाजपा की जीत। बहरहाल, पहले हरियाणा की भाजपा की जीत। बेशक, भाजपा का लगातार तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनाना, उसकी एक बड़ी कामयाबी है। यह कामयाबी इससे और भी बड़ी हो जाती है कि भाजपा ने इस बार, पिछले चुनाव के मुकाबले अपनी सीटों और मत फीसद, दोनों में बढ़ोतरी कर, जीत हासिल की है। वास्तव में 2019 के चुनाव में भाजपा को काफी धक्का लगा था और उसे अपने बल पर बहुमत हासिल नहीं हुआ था, जिसके चलते उसे दुष्यंत चौटाला की जेजेपी के साथ इस बार के चुनाव से ऐन पहले तक गठजोड़ सरकार चलानी पड़ी थी। बहरहाल, इस बार भाजपा को फिर से पूर्ण बहुमत मिल गया है और उसका मत प्रतिशत भी, पिछले चुनाव के 36.49 फीसद से बढ़कर 39.89 फीसद हो गया है। लेकिन, इस चुनाव में भाजपा कामयाबी की कहानी इतनी ही है, न इससे जरा भी कम और न रत्तीभर ज्यादा। जहां तक इस चुनाव में कुल मिलाकर चुनावी राजनीतिक वातावरण में मोदी और उनकी भाजपा के पक्ष में किसी भी तरह के बदलाव के संकेतों का सवाल है, ये संकेत भक्तों की कल्पनाओं की ही उपज हैं। इसके विपरीत, सच्चाई यह है कि हरियाणा के नतीजे का अगर कोई संकेत है, तो वह यही है कि आम चुनाव के समय का वातावरण जस का तस बना हुआ है। इस सच्चाई का इससे बड़ा सबूत क्या होगा कि अगर लोकसभा चुनाव में हरियाणा की दस सीटें, कांग्रेस और भाजपा के बीच बराबर बंटी थीं (दोनों के हिस्से में पांच–पांच सीटें आई थीं) तो इस चुनाव में भी भाजपा और कांग्रेस का मत फीसद लगभग बराबर है। इस चुनाव में जहां भाजपा को 39.9 फीसद के करीब वोट मिला है, कांग्रेस तथा उसकी सहयोगी सीपीएम को मिलाकर 39.3 फीसद वोट मिला है। रही बात 2019 के चुनाव के मुकाबले भाजपा की सीटों तथा मत फीसद दोनों में बढ़ोतरी की, तो सच्चाई यह है कि कांग्रेस की सीटों में ही चार की बढ़ोतरी नहीं हुई है, उसके मत फीसद में भी पूरे 11 फीसद की नाटकीय बढ़ोतरी हुई है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस का वोट कुल 28.08 फीसद था, जो इस बार 39.09 फीसद पर पहुंच गया है। यानी जनमत के समर्थन के लिहाज से, इस चुनाव में भाजपा के हिस्से में अगर कामयाबी आई है, तो कांग्रेस के हिस्से में उससे भी बड़ी कामयाबी आई है। लेकिन, कांग्रेस के हिस्से की यह कामयाबी, आम चुनाव के समय की उसकी कामयाबी जितनी ही थी, न ज्यादा न कम।

अब हम आते हैं, जम्मू–कश्मीर में भाजपा की भारी हार पर। यह हार भारी सिर्फ इसलिए नहीं है कि भाजपा सिर्फ 29 सीटों पर अटक गयी है, जबकि उसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी, इंडिया गठबंधन ने नेशनल कान्फ्रेंस की 42, कांग्रेस की 6 और सीपीएम की 1 सीट के साथ, 49 का आंकड़ा छू लिया है, जो निर्वाचित विधायकों के बीच पूर्ण बहुमत से ज्यादा ही है। यह हार भारी सबसे बढ़कर इसलिए है कि इस चुनाव नतीजे के इस अर्थ में विचारधारात्मक हैं कि इनके जरिए जम्मू–कश्मीर की जनता ने आम तौर पर मोदीशाही की नीतियों को और खासतौर पर 5 अगस्त 2019 से लगाकर उसके कथित बड़े फैसलों को ठुकराया है, जिनमें धारा–370 को खत्म करना, उसका राज्य का दर्जा खत्म करना और इस तरह पहले के इस राज्य को दो केंद्र–शासित प्रदेशों में बांटना शामिल है।

प्रधानमंत्री ने 8 अक्टूबर की ही शाम के, भाजपा कार्यालय में अपने विजय संबोधन में हाथ की चतुराई दिखाते हुए, यह दिखाने की कोशिश की थी कि जम्मू–कश्मीर में भी जनता का फैसला उनकी पार्टी की कामयाबी को दिखाता है, जहां भाजपा ने 2014 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले न सिर्फ अपनी सीटों में 4 की बढ़ोतरी कर ली है, इसी दौरान अपना मत फीसद भी 22.98 फीसद से बढ़ाकर 25.64 फीसद कर लिया है। इससे भी बड़ी बात यह कि 42 सीटें हासिल करने के बावजूद, नेशनल कान्फ्रेंस का वोट भाजपा के वोट से 2 फीसद कम ही रहा है और इस तरह भाजपा जम्मू–कश्मीर में सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आई है। लेकिन, यह दावा इस सच्चाई को छुपाने की चतुराई पर आधारित है कि नेशनल कान्फ्रेंस ने अकेले नहीं, इंडिया गठबंधन के हिस्से के तौर पर यह चुनाव लड़ा था और तुलना के लिए इंडिया गठबंधन का पूरा वोट हिसाब में लिया जाना चाहिए, जो 37 फीसद से ऊपर बैठता है यानी भाजपा के वोट से 11 फीसद से भी ज्यादा। यह साफ तौर पर भाजपा की हार को दिखाता है। लेकिन, वास्तव में इस चुनाव में मोदीशाही और भाजपा की हार इससे भी ज्यादा भारी है कि हरियाणा के विपरीत, जहां भाजपा, कांग्रेस से ठीक बराबर मत फीसद के बल पर, कम से कम अपने मुद्दों के आधार पर किसी निर्णायक जीत का दावा करती है तो उसे झूठा ही माना जाएगा, जम्मू–कश्मीर में इस केंद्र शासित क्षेत्र के लिए केंद्र सरकार द्वारा लिए गए फैसलों के आधार पर, जनता ने भाजपा के खिलाफ निर्णायक रूप से वोट किया है। जाहिर है कि जनता का यह निर्णायक फैसला सिर्फ इंडिया गठबंधन के पक्ष में पड़े वोट में ही प्रतिबिंबित नहीं होता है। यह फैसला, पीडीपी के 8.89 फीसद वोट में भी अभिव्यक्त होता है। और सच तो यह है कि यह फैसला, अन्य छोटी–छोटी पार्टियों व निर्दलीयों को पड़े 24.83 फीसद वोट में भी प्रतिबिंबित होता है। संक्षेप में कहें तो जम्मू–कश्मीर के चुनाव में राजनीतिक–वैचारिक रूप से एक ओर भाजपा और दूसरी ओर बाकी सब का विभाजन था और इस विभाजन में भाजपा को कुल एक चौथाई वोट मिला है, जबकि पूरा तीन–चौथाई वोट उसके खिलाफ पड़ा है। यह जम्मू–कश्मीर की जनता द्वारा मोदीशाही के फैसलों, नीतियों और पैंतरों के निर्णायक रूप से ठुकराए जाने का ही सबूत है।

बेशक, इसका अर्थ यह हर्गिज नहीं है कि जम्मू– कश्मीर में जनतांत्रिक ताकतों के लिए, संघ–भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति की चुनौती कोई कम हो गयी है। उल्टे सीटों की बढ़ी हुई संख्या और भाजपा के हिस्से में करीब हरेक चौथा वोट जाना, इस चुनौती के बढ़ने का ही इशारा करता है। इसी का एक और भी खतरनाक पहलू है, भाजपा की हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक पहचान और उसके हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक आधार का और ज्यादा पुख्ता होना। यह संयोग ही नहीं है कि भाजपा को सारी तिकड़मों के बावजूद, उसे सारी सीटें जम्मू क्षेत्र के हिंदू–बहुल इलाकों से ही मिली हैं और कश्मीर की घाटी में उसे 2 फीसद से जरा से ज्यादा वोट ही मिले हैं। दूसरी ओर, भले ही जम्मू क्षेत्र में लगभग 45 फीसद वोट हासिल कर, भाजपा ने अपना बोलबाला कायम रखा हो, फिर भी इस क्षेत्र में करीब हरेक तीसरा 32.8 प्रतिशत वोट हासिल कर, इंडिया गठबंधन ने यह दिखा दिया है कि वही व्यापक रूप से जम्मू–कश्मीर की तमाम जनता का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि भाजपा उसके सिर्फ हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक हिस्से का प्रतिनिधित्व करती है। बहरहाल, यह चुनाव इस हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक हिस्से के और बढ़ने को भी दिखाता है। इसमें आगे जनतांत्रिक ताकतों के लिए चुनौतियां और बढ़ने के ही बीज छुपे हुए हैं। अपने इस बढ़े हुए आधार को, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और बढ़ाने के जरिए पुख्ता करने की कोशिश में संघ–भाजपा जोड़ी, अन्य चीजों के अलावा अपनी केंद्र सरकार के जरिए, निर्वाचित राज्य सरकार से टकराव बढ़ाने की कोशिश कर सकती है। यह राज्य के दर्जे की बहाली की सबसे प्रमुख मांग को पूरा करने में टालमटोल तक ही सीमित रहे यह भी जरूरी नहीं है। चुनाव से ऐन पहले अनेक क्षेत्रों में, जिनमें पुलिस प्रशासन भी शामिल है, निर्वाचित सरकार के अधिकार उससे छीनकर केंद्र द्वारा नियुक्त लैफ्टीनेंट गवर्नर को थमा दिए जाने से लेकर, उसे अपनी मर्जी से पांच विधायकों की नामजदगी के अधिकार दिए जाने तक, अनेक मामले सामने आएंगे, जो केंद्र और राज्य प्रशासन के बीच टकराव को तीखा कर सकते हैं। और इस टकराव में बढ़त हासिल करने के लिए केंद्र तथा उसके एजेंट के रूप में लैफ्टीनेंट गवर्नर और उसके राजनीतिक एजेंटों के रूप में संघ–भाजपा, हिंदू बहुल जम्मू बनाम मुस्लिम बहुल कश्मीर के विभाजन को और धारदार बनाने की कोशिश कर सकते हैं, जैसाकि अधिकांश विपक्ष–शासित राज्यों में पहले ही किया जा रहा है। श्रीनगर में आने वाली सरकार के लिए यह एक बड़ी चुनौती होगी। अंत में एक बात और। हरियाणा और जम्मू–कश्मीर के नतीजों के अंतर में विपक्ष के लिए एक जरूरी सबक भी है। याद रहे कि जम्मू–कश्मीर में इंडिया गठबंधन की प्रक्रिया को इस चुनाव में सुरक्षित रखा जा सका था, जबकि हरियाणा में खासतौर पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की खींचतान के चलते, शुरूआती कोशिशों और शीर्ष नेतृत्व की इच्छाओं के बावजूद, इस प्रक्रिया को कायम नहीं रखा सका था। हरियाणा में भाजपा के तीसरी बार सत्ता में आने का एक कारण यह भी लगता है। आशा की जानी चाहिए कि अगले कुछ महीनों में ही होने जा रहे महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों में और उससे आगे भी, इस सबक को याद रखा जाएगा।

## आज का राशिफल

मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ, मीन

**मेष :–** जीविका क्षेत्र में नए आयाम आपको उत्साहित करेंगे। पुरानी समस्याओं को हलकर सुख की अनुभूति करेंगे। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**वृषभ :–** भौतिक आकांक्षाएं बलवती होंगी। राजनीतिज्ञों के लिए राजनीतिक क्षेत्र में व्यस्तता व क्रियाशीलता बढ़ेगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें। खराब संगत से दूरी बनाएं।

**मिथुन :–** महत्वपूर्ण घरेलू दायित्वों के प्रति मन केन्द्रित होगा। अत्यधिक कायरे की ब्यस्तता से मन परेशान होगा। पारम्परिक कायरे में व्यस्तता बढ़ेगी। जीवन साथी से भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

**कर्क :–** क्रोध व शंकाए छोड़ संबंधों में प्यार विखेरें। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। क्षमता से अधिक व्यय भविष्य के लिए चिन्ता उत्पन्न करेगी। किसी नए कार्य में मन केन्द्रित होगा। सुख–साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**सिंह :–** किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की ब्यस्तता से मन बोझिल होगा। निराशा त्याग मन को आशावादी बिचारों से सिंचित करें। महत्वपूर्ण क्षेत्र में संबंधों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाऐंगे।

**कन्या :–** किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक हो सकता है। लेकिन प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढ़ाएंगी। परिवार में कोई सुखद माहौल बनेगा।

**तुला :–** हर वक्त अपने को लाचार बनाए रखना अच्छी बात नहीं, समय का सदोपयोग करें और स्वयं को सकारात्मक दिशा दें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित।

**वृश्चिक :–** शासन–सत्ता के सहयोग से कार्य क्षेत्र के अवरोध समाप्त होंगे। कार्य क्षेत्र में लोकप्रियता व वर्चस्व बढ़ेगा। प्रयत्न की सार्थकता उच्छृंखलता व व्यग्रता क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**धनु :–** कोई नई योजना उत्साहित करेगी। भौतिक जगत के चकाचौंध आप प्रभावित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के आसार बढ़ेंगे। अच्छे ब्यवहारकुशलता से सामाजिक मान–मर्यादा में वृद्धि होगी।

**मकर :–** कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है। नैतिक जिम्मेदारियों में सजगता काबिले तारीफ होगी। पूर्वाग्रह वश मन में संबंधों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**कुंभ :–** 'खाली मन शैतान का घर'' अपने दिनर्चया को सुधारें। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। पारिवारिक जरुरतों की पूर्ति साधनाभाव से मन चिंतित होगा। मधुर वाणी से संबंधों में प्रभावशाली होंगे।

**मीन :–** भौतिक सुख–साधनों की ओर मन आकर्षित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ नई प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी। परिश्रम द्वारा नए अवसरों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

## खाना खजाना/सेहत/ब्यूटी

### शरीर को दिमाग को हेल्दी बनाने के लिए रोजाना करें ये आसन, मिलेंगे ढेर सारे फायदे

आजकल के तनावपूर्ण जीवन में हर व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान रहता है। ऐसे में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को बेहतर बनाए रखना बेहद जरूरी होता है। इसलिए आप हर रोज 15 मिनट कुछ योगासन का अभ्यास कर सकते हैं। इन आसनों को करने से आप तरोताजा और ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। ऐसे में अगर आप भी मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे योगासनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके शरीर और मन को हेल्दी बनाने में मदद करेंगे।

**तड़ासन–**

इसको करने से जमीन पर सीधे खड़े हो जाएं।

दोनों पैरों के पंजे और एड़ियों की आपस में चिपकाकर खड़े हो जाएं।

फिर हाथों को एक साथ जोड़कर शरीर को ऊपर की तरफ खींचें।

अब पैरों की एड़ी को ऊपर उठाएं।

पैरों की उंगलियों पर अपने शरीर का बैलेंस बनाए रखें।

**ताड़ासन के फायदे–**

इस आसन को करने से हाइट बढ़ती है।



डाइजेशन बेहतर होता है।

हार्मोन संतुलित रहते हैं।

कब्ज की समस्या से राहत मिलती है।

फोकस बढ़ता है।

**मलासन–**

सबसे पहले बैठने की स्थिति में आएं।

अपने घुटनों को मोड़कर कूल्हों को जमीन पर टिकाएं।

अब अपनी जांघों को अपने धड़ से ज्यादा खोलें।

कुछ देर तक इसी स्थिति में बैठे रहें और फिर अपनी सामान्य पोजीशन में वापस आ जाएं।

**मलासन के फायदे–**

कब्ज की समस्या में आराम मिलता है।

पीरियड क्रैम्प्स में आराम मिलता है।

यह आसन पीरियड को रेगुलेट करता है।

इससे फर्टिलिटी बूस्ट होती है।

**बितिलासन–**

बितिलासन को करने के लिए दोनों घुटनों को टेकें और वज्रासन में बैठ जाएं।

अब हाथ और जांघ दोनों की ऊंचाई एक समान रखें।

दोनों हाथों को जमीन पर रखें और कूल्हों को उठाएं।

घुटनों के बीच 90 डिग्री का कोण बनाएं और गाय की स्थिति में आएं।

अब लंबी और गहरी सांस लेते रहें।

सिर को ऊपर की तरफ उठाएं और फिर नीचे की ओर झुकाएं।

इस दौरान आपकी रीढ़ की हड्डी का निचला हिस्सा ऊपर की ओर रखें।

अब अपनी ठोड़ी से छाती को छूने का प्रयास करें।

**बितिलासन के फायदे–**

इससे बॉडी पोस्चर सही होता है।

इस आसन को बैक पेन में आराम मिलता है।

वहीं पीरियड क्रैम्प्स में आराम मिलता है।

इस आसन को करने से बैलेंस बनाने में मदद मिलती है।

**सेतुबंधासन–**

सबसे पहले पीठ के बल जमीन पर लेट जाएं और अपने घुटनों को मोड़ लें।

कंधे और सिर को फर्श पर आराम से टिकाएं।

अब अपने कूल्हों ऊपर की तरफ उठाएं।

इस दौरान अपने हाथों को जमीन से सटाएं।

फिर अपनी पीठ को धीरे–धीरे उठाएं।

गहरी सांस लेते हुए कुछ देर इसी पोजीशन में रुकें।

अब अपनी सामान्य स्थिति में वापस आ जाएं।

इस प्रक्रिया को कम से कम 10 बार दोहराएं।

**सेतुबंधासन फायदे–**

इस आसन को करने से डाइजेशन में सुधार होता है।

इससे फेफड़ों की कैपेसिटी बढ़ती है।

इसको करने से फर्टिलिटी बेहतर होती है।

यह आसन थायराइड ग्लैंड के लिए अच्छा होता है।

## चंडीगढ़ हरियाणा में नायब सिंह सैनी दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे, 15 अक्टूबर को शपथ ग्रहण समारोह



चंडीगढ। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में नायब सिंह सैनी एक बार फिर सीएम पद की शपथ लेंगे। 15 अक्टूबर को आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में नायब सिंह सैनी दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। शपथ ग्रहण समारोह पंचकूला में आयोजित किया जाएगा, जहां लगभग 50 हजार लोगों के उपस्थित रहने की संभावना है। समारोह में भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ–साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे। जानकारी के अनुसार, हरियाणा सरकार की नई कैबिनेट में अनिल विज, कृष्ण लाल मिड्ढा, श्रुति चौधरी, अरविंद कुमार शर्मा, विपुल गोयल, निखिल मदान को जगह मिल सकती है। गौरतलब है कि, नायब सिंह सैनी ने दिल्ली में बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की थी। इसके बाद गुरुवार को उन्होंने राजधानी में केंद्रीय मंत्री और हरियाणा भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान से भी मुलाकात की थी। विधानसभा चुनाव के दौरान ही भाजपा की ओर से संकेत दिए गए थे कि अगली सरकार के भी मुखिया नायब सिंह सैनी बनेंगे। भाजपा ने मार्च 2024 में नायब सिंह सैनी को हरियाणा भाजपा अध्यक्ष पद से मुख्यमंत्री बनाया था। उस समय भाजपा मनोहर लाल के साढ़े नौ साल के कार्यकाल के बाद सत्ता विरोधी लहर का सामना कर रही थी। बता दें कि हरियाणा में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, कांग्रेस 37 सीटों पर ही सिमटकर रह गई। इस चुनाव में जजपा और आम आदमी पार्टी का सफाया हो गया और इनेलो सिर्फ दो सीट जीतने में सफल रही। प्रदेश की तीन सीटें अन्य के खाते में गई हैं।

## पटना देश के लिए जरुरी है 'वन नेशन वन इलेक्शन' : गिरिराज सिंह

पटना। केरल विधानसभा में वन नेशन वन इलेक्शन के खिलाफ प्रस्ताव पास किया गया है। इस पर शुक्रवार को केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने बातचीत के दौरान कहा, देश के लिए वन नेशन वन इलेक्शन जरूरी है। उन्होंने कहा, मुझे समझ में नहीं आता है कि कांग्रेस के लोगों को वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर पेट में दर्द क्यों हो रहा है। यह होना चाहिए, नहीं होने से विकास रुकता है। साल भर चुनाव होते रहते हैं। देश में अगर साल भर चुनाव ही होते रहेंगे तो विकास कैसे होगा। इसलिए वन नेशन वन इलेक्शन जरूरी है। बंगाल में आरजे कर मामले को लेकर डॉक्टरों द्वारा भूख हड़ताल जारी है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, बंगाल की सरकार अपराधियों को बचाने का प्रयास कर रही है। सरकार ने अपराधियों के दस्तावेजों को अपने पास रख लिए, जिसे सीबीआई को देना चाहिए था। सारे अपराधियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने आगे कहा, भूख हड़ताल पर डॉक्टरों की तबियत बिगड़ने लगी है। एक जूनियर डॉक्टर के अनुसार, 9 लोग भूख हड़ताल पर थे। जिसमें एक डक्टिर की तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद उसे आरजी कर अस्पताल में भर्ती कराया गया।



भूख हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों का कहना है कि बंगाल सरकार में मुख्य सचिव ने मिलने के लिए हमें बुलाया था। मुख्य सचिव की ओर से एक मेल भेजा गया था। मुख्य सचिव के साथ हम बैठक में बैठे थे। हमें इस बैठक से उम्मीद थी कि जिन मांगों को लेकर भूख हड़ताल कर रहे हैं। वे हमारी मांगों को सुनेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे और उन्हें पूरा करेंगे। लेकिन हमने पाया कि वो केवल मौखिक आश्वासन दे रहे थे। उन्होंने हमारी पूरी बात भी नहीं सुनी है। हमें उनकी ओर से सिर्फ अस्पष्ट आश्वासन मिला है। जिसमें कहा गया है कि वह इस पर विचार करेंगे। हमारी मांगों को पूरा किए बगैर वह हमसे कह रहे हैं कि भूख हड़ताल खत्म कर दें।

## पटना लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर नीतीश कुमार ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

पटना। लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती के अवसर पर आज आयकर गोलम्बर स्थित प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल राजेर्न्रे विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, पूर्व मंत्री श्याम रजक, पूर्व मंत्री विक्रम कुंवर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सिंह, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं एवं अन्य गणमान्य व्यि7यों ने भी लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत्–शत् नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने आरती–पूजन, बिहार गीत एवं भजन कीर्तन का गायन किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने चरखा समिति प्रभा–जयप्रकाश स्मृति संग्रहालय कदमकुआं जाकर लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की धर्मपत्नी जयप्रभा जी के चित्र पर भी पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने चरखा समिति ह्प्रभा–जयप्रकाश स्मृति संग्रहालयव में स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के शयनकक्ष, सभा कक्ष, प्रभावती स्मृति कक्ष सहित पूरे परिसर का मुआयना किया। इस दौरान जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चर्नेशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, महिला चरखा समिति की सचिव मृदुला प्रकाश सहित प्रभा–जयप्रकाश स्मृति संग्रहालय के अन्य सहयोगी।

## दिल्ली में रावण दहन, शामिल होंगे अजय देवगन, करीना कपूर और रोहित शेती

मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन, एक्ट्रेस करीना कपूर खान और निर्देशक रोहित शेती अपनी अपकमिंग मूवी सिंघम अगेन की रिलीज से पहले दिल्ली के लव कुश रामलीला मैदान में रावण दहन में शामिल होंगे। लव कुश रामलीला के प्रमुख अर्जुन कुमार ने बताया कि अभिनेता और निर्देशक 12 अक्टूबर को लालकिला में रावण दहन कार्यमम में शामिल होंगे। सिंघम अगेन रोहित शेती के कन्नप यूनिवर्स का पांचवां भाग है, जिसमें रणवीर सिंह की 2018 में आई सिम्बा और अक्षय कुमार अभिनीत 2021 में आई सूर्यवंशी भी शामिल हैं। सिंघम अगेन अजय देवगन की मुख्य भूमिका वाली सिंघम सीरीज की तीसरी फिल्म है, जो 2011 की सिंघम से शुरू हुई थी। फिर 2014 में अजय देवगन सिंघम रिटर्न्स के साथ लौटे। वहीं, अब वे सिंघम अगेन से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं।

कलाकारों और निर्देशक का यह दौरा रामायण की फिल्म की थीम के अनुरूप है। 'सिंघम अगेन' रोहित शेती की यह 'सिंघम' की तीसरी सीक्वल फिल्म भी है जिसमें अजय एक निडर पुलिस वाले की मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, टाइगर श्रन्नफ, अर्जुन कपूर, दीपिका पादुकोण और जैकी श्रॉफ भी हैं। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में लॉन्च किया गया था और इसमें पूरी दुनिया की पुलिस को विलेन अर्जुन कपूर से लड़ने के लिए एकजुट होते हुए दिखाया गया है। यह फिल्म



भारतीय महाकाव्य रामायण के विषयों पर आधारित है।

इसमें एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ लक्ष्मण की भूमिका में हैं, अजय देवगन भगवान राम की भूमिका में हैं, रणवीर सिंह भगवान हनुमान की भूमिका में हैं और बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार जटायु की भूमिका में हैं। बन्नक्स–अन्नफिस पर इसकी सीधी टक्कर कार्तिक आर्यन और विद्या बालन की 'भूल भुलैया 3' से है, तीनों फिल्म दिवाली पर रिलीज होंगी। रोहित पहले भी दिवाली पर 'अन्नल द बेस्ट', 'गोलमाल रिटर्न्स', 'गोलमाल 3' जैसी धमाकेदार फिल्में रिलीज की हैं।

## काजोल ने फोटो खिंचवाने के लिए पति अजय को काटी चिकोटी, बीवी के सामने सिंघम भी बने भीगी बिल्ली

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन इन दिनों अपनी फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच एक्टर अपनी फैमिली के साथ दुर्गा पंडाल पहुंचे। जहां उन्होंने पहले मां के दर्शन किए और फिर पैपराजी को कई सारे पोज भी दिए। हालांकि इस दौरान कैमरे में कुछ न कुछ ऐसा कैप्चर हो रहा है जिसे लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो ही जाती है। दरअसल, सामने आए वीडियो में काजोल अजय देवगन के साथ खड़ी होकर पोज दे रही हैं।



इसी बीच काजोल अजय देवगन के हाथों पर चिकोटी काटती दिखती हैं। जैसे ही काजोल ऐसा करती हैं, अजय फौरन अपना हाथ उनके पीछे कर लेते हैं। इसके बाद तीनों स्माइल देकर फोटो खिंचाते दिख रहे। इस वीडियो को देखकर लोग खूब मौज ले रहे हैं। बता दें कि अजय देवगन जल्द ही रोहित शेती की अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन में नजर आनेवाले है। फिल्म में अक्षय कुमार,रणवीर सिंह, जैकी श्रॉफ, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर,करीना कपूर खान जैसे स्टार्स हैं। ये फिल्म दिवाली के मौके पर 1 नवंबर को रिलीज हो रही है।

## कांग्रेस ने अमरावती विधायक सुलभा खोडके को 6 साल के लिए किया निष्कासित, जानें क्या रही वजह

महाराष्ट्र। विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ी खबर सामने आई है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण अमरावती की विधायक सुलभा खोडके को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी ने सुलभा खोडके को छह साल के लिए निलंबित किया है। बता दें कि खोडके उन सात विधायकों में से एक थीं, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में विधान परिषद चुनाव के दौरान 'क्रॉस वोटिंग' की थी, जिस कारण विपक्षी महा विकास आघाडी यानी एमवीए के संयुक्त उम्मीदवार पीडब्ल्यूपी नेता जयंत पाटिल को हार का सामना करना पड़ा था।

**'पार्टी के खिलाफ काम करने की कई शिकायतें मिली थीं'**– कांग्रेस की महाराष्ट्र यूनिट के अध्यक्ष नाना पटोले ने एक बयान में कहा कि अमरावती की विधायक सुलभा खोडके के खिलाफ पार्टी विरोधी काम करने की कई शिकायतें मिली थीं। नाना पटोले ने कहा कि अमरावती की विधायक को निष्कासित करने का फैसला पार्टी के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला के निर्देश पर लिया गया।

**'सुलभा खोडके भी हो सकती हैं राकांपा में शामिल'**–सूत्रों ने बताया कि अमरावती विधायक के पति राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता एवं डिप्टी सीएम अजीत पवार के बेहद करीबी सहयोगी हैं। सूत्रों के अनुसार सुलभा खोडके भी अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो सकती हैं।

वहीं, हाल में दिग्गज अभिनेता सयाजी शिंदे एनसीपी में शामिल हो गए हैं। सयाजी शिंदे ने अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे की मौजूदगी में एनसीपी को ज्वाइन किया।



बता दें कि इस साल के आखिरी में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने हैं, जिनमें अब कुछ ही समय शेष रह गया है। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपनी–अपनी चुनावी तैयारियों में भी जुट गए हैं। इस बार चुनाव में मेन मुकाबला बीजीपी, शिवसेना और एनसीपी की महायुति और कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद चंद्र पवार) की महाविकास अघाड़ी के बीच होने जा रहा है।

## भोपाल उज्जैन में पूर्व पार्षद की गोली मारकर हत्या, पत्नी और दो बेटे हिरासत में

भोपाल। मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में शुक्रवार को एक कांग्रेस नेता और पूर्व पार्षद की उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान हाजी कलीम खान उर्फ गुड्डू 60 के रूप में हुई है। हाजी कलीम खान की नीलगंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत वजीर पार्क कॉलोनी में सुबह करीब पांच बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि पड़ोसी खान को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

पड़ोसियों ने पुलिस को हत्या की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस की टीम और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने खान की पत्नी और उनके दो बेटों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। शुरुआती जांच से पता चला है कि यह हत्या परिवार में भूमि विवाद के कारण हुई है।

खान की पत्नी नीलोफर और उनके दो बेटे दानिश और आसिफ पिछले कुछ वर्षों से अलग रह रहे हैं। पुलिस के अनुसार, खान ने करीब एक दशक पहले अपनी पत्नी और दो बेटों को घर से निकाल दिया था, जिस वजह से परिवार में विवाद हो गया था। रिपोर्ट के अनुसार, परिवार में विवाद की कई घटनाएं हुई हैं। खान के मैटरनल अंकल ने पुलिस को घटना की जानकारी दी और हत्या के लिए उनकी पत्नी और दो बेटों को जिम्मेदार ठहराया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मीडियाकर्मियों को बताया, ष्पत्नी और दो बेटों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया और आगे की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, कुछ दिन पहले भी खान की हत्या का प्रयास किया गया था।

जब उन पर गोलियां चलाई गई थीं तब वह एक नाले में कूदकर बच गए थे। 4 अक्टूबर को हमले में बचने के बाद खान ने स्थानीय पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी और अपनी जान को खतरा बताया था। वहीं कांग्रेस की राज्य इकाई ने दावा किया है कि यदि पुलिस ने समय रहते कार्रवाई की होती तो यह घटना नहीं होती। कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई ने सोशल मीडिया प्लेटफर्मि एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उज्जैन में एक पूर्व पार्षद की उनके घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई।

एक सप्ताह के भीतर उन पर यह दूसरा हमला था। यदि पुलिस ने समय रहते सख्त कार्रवाई की होती तो यह घटना नहीं होती। उज्जैन मुख्यमंत्री का गृहनगर है, लेकिन उनके शहर में भी सुरक्षा का कोई भाव नहीं है।

## श्री सनातन धर्म प्रेमिओ को बुराई पर अच्छाई की जीत दशहेरा की हार्दिक शुभकामनये

### विशाल अग्रवाल ब्यूरो संज्ञान न्यूज ध्दृष्टि उधम सिंह नगर बोर नदी के पास मिला शव क्षेत्र मे फैली सनसनीं

**विशाल अग्रवाल**

**उधम सिंह नगर/केलाखेड़ा (संज्ञान दृष्टि)।** केलाखेड़ा क्षेत्र मे बोर नदी के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र मे सनसनी फैल गयी। मौके पर थाना अध्यक्ष आशोक कुमार अपनी मय फॉर्स के साथ पहुंच गए। जहाँ शव अर्धनग्न अबस्था मे पड़ा मिला, मृत्यु का कारण अभी साफ नहीं हो पाया हैं और ना ही अभी शव की पहचान हो पायी हैं पुलिस ने पंचनामा भर बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तयारी मे लगी हैं। पुलिस सभी एंगल से जांच पड़ताल कर रही हैं।



### रांची पुलिस मुठभेड़ में 2 नक्सली ढेर, एके–47 सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद

रांची। झारखंड के चतरा जिले के गनियोत्री जंगल में पुलिस मुठभेड़ में 2 नक्सली मारे गए। मारे गए दोनों नक्सलियों में टीएसपीसी के सब–जोनल कमांडर हर्रौ गंझू और उसके सहयोगी ईश्वर गंझू शामिल है जबकि नक्सली गोपाल गंझू को घटनास्थल से गिरघ्तार किया गया। मुठभेड़ बुधवार रात को हुई थी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों नक्सलियों को मार गिराया जबकि एक को गिरघ्तार कर लिया।

मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने एक एके–47 राइफल, एक देसी बंदूक, तीन जिंदा एके–47 गोलियां, एक मोटरसाइकिल और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

## शरद–सुप्रिया दांडिया महोत्सव २०२४ ला दौंडकरांचा भव्य प्रतिसाद

**सय्यद मुदस्सीर**

**यवतमाळ (संज्ञान दृष्टी)।** यवतमाळ दौंड नवरात्रीच्या नऊ दिवसात संपूर्ण देशभरामध्ये नवरात्री उत्सव मोठ्या उत्साहात साजरा होत असतो त्या अनुषंगाने दौंड येथे शरद–सुप्रिया दांडिया महोत्सव महाविकास आघाडी दौंड शहर व तालुका यांच्या विद्यमान भरविण्यात आला असता दौंडकरांचा भव्य प्रतिसाद मिळाला,अतिशय शिस्त पद्धतीने, आनंदमयी प्रचंड जल्लोषात महिला भगिनी तरूण तरुणी भक्तीमय वातावरणात सहभागी झालेत नवरात्री मध्ये जुन्या गोष्टीचा त्याग करून आयुष्यात एक सकारात्मक विचार सोबत ठेउन आनंदी जीवन जगण्याची प्रेरणा नवरात्री नवदुर्गा देत असते दौंड शहर लगतच कुरकुम गावी फिरंगाई माता पावन तिर्थक्षेत्र आहे त्यामुळे दौंडला नवरात्री खुप चांगले असे महत्त्व आहे. या गोष्टी लक्षात ठेवून दौंड महाविकास आघाडीच्या कार्यकर्त्यांनी प्रचंड मेहनत घेऊन हा मोहत्स भरला यावेळी दांडिया स्पर्धा आयोजन करण्यात आले होते त्या स्पर्धेत विजयी उमेदवारांना ग्रुपला बक्षीस व सन्मान चिन्ह देण्यात आल या कार्यक्रमाला मा.आप्पासाहेब पवार दौंड तालुका अध्यक्ष राष्ट्रवादी काँग्रेस




शरदचंद्र पवार,मा.दिग्विजय जेधे यांच्या हस्ते पारितोषिक देण्यात आलं श्री. आप्पासाहेब पवार म्हणाले की, तरूणांना आपले करिअर घडवण्यासाठी प्रचंड मेहनत करावी लागते त्या स्पर्धेतुन थोळा वेळ काढून स्वताला ठेवून आरोग्य जपले पाहिजे हा आनंद पर्व आहे यात सर्व जाती धर्माच्या लोकांनी सहभाग नोंदविला पाहिजे माता महिला वर्गाचा सन्मान होणे हे खुप मोठं काम आहे आणि हे आपण शरदचंद्र पवार साहेब यांच्या मार्गदर्शनाखाली पुढं न्यायचं आहे तसेच भेटीदरम्यान श्री.दिग्विजय जेधे म्हणाले की, नवरात्रीचे नऊ दिवस महिला वर्गाला खुप आनंद देणारा दिवस असतो आणि त्याच्या भरभरून प्रतिसाद मिळाला यामुळे आयोजक यांच्या मेहनतीला यश आलं आहे आई–दुर्गा माता सर्वांच्या जीवनात आनंद सुख समृद्धी प्रदान करो शेतकरी राजा सुखी समाध ाानी होऊ दे हिच आपल्या सर्वांच्या वतीने प्रार्थना करतो डॉ.भरत खळदकर म्हणाले की, बारामती लोकसभा मतदारसंघातील खासदार सौ. सुप्रियाताई सुळे यांचा नेहमी महिलांकरता एक आनंदी वातावरण संपूर्ण महाराष्ट्रात रहावे हाच उद्देश असतो महिलांच्या सुखदु:खात आपण सर्व सहभागी असतोच हा उपक्रम खुप छान आहे. यावेळी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ए चे नेते मा. सचिनभाउ खरात, राष्ट्रवादी काँग्रेस पक्ष शरदचंद्र पवार शहर अध्यक्ष मा. सचिन गायकवाड,मा.सचिन काळभोर,मा.रामभाऊ टुले,मा.अमित पवार,आम आदमी पार्टीचे निना जोसेफ,साई कलेक्शन सर्वेसर्वा सौ. नेहा बाराटे यांनी श्रेयस सोनवणे यांच्या अभिनव उपक्रमासाठी पैठणी भेट दिल्या,सौ.शितल मैहिड सौ.रुचिका नांदखिले सह आदी मान्यवरांनी भेटी दिल्या यावेळी श्रेयस सोनवणे व त्यांच्या गृपचे सर्वाचे कौतुक मान्यवरांनी केले स्पर्धांचे निरिक्षक राष्ट्रवादी काँग्रेस पार्टीचे युवती अध्यक्षा सौ.ज्योती प्रवीण धर्माधिकारी. प्रवीण धर्माधिकारी सर यांनी केले तसेच यावेळी आयोजक:– मा श्रेयश सोनवणे सामाजिक न्याय विभाग राष्ट्रवादी काँग्रेस पक्ष शरदचंद्र पवार दौंड ,श्री.प्रकाश विष्णू सोनवणे महासचिव दौंड तालुका काँग्रेस कमिटी, पंकज नानखिल्ले दौंड शहर अध्यक्ष विद्यार्थी काँग्रेस पक्ष शरदचंद्र पवार, माननीय दीपक पारदासाणी दौंड शहर उपाध्यक्ष राष्ट्रवादी काँग्रेस अतुल भाऊ थोरात दौंड शहर उपाध्यक्ष काँग्रेस

## एक नज़र

**बहराइच–** सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल बहराइच पहुंचे, श्यामलाल पाल का सपा कार्यालय पर हुआ स्वागत, जय प्रकाश नायक के चित्र पर किया माल्यार्पण, सरकार पर जमकर बरसे अध्यक्ष श्यामलाल पाल, बुलडोजर बलात्कारियों की चौखट तक नहीं पहुंचता– श्याम लाल, 2027 में बनेगी सपा की सरकार– श्यामलाल पाल।

**सहारनपुर–** सहारनपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, 4 शातिर वाहन चोर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, अभियुक्तों के कब्जे से 13 मोटरसाइकिल बरामद, थाना गंगोह पुलिस ने वाहन चोरों को जेल भेजा।

**मेरठ–** केक फैक्ट्री में चोरी की वारदात,मुंह छिपाकर घुसा चोर, केक फैक्ट्री से कैश समेत कीमती सामान चोरी किया, सीसीटीवी से बचने के लिये मुंह को बॉक्स से ढका, 3 बार पहले भी केक फैक्ट्री में हो चुकी है चोरी, व्यापार संघ ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू, थाना सदर बाजार के पॉश बाजार अबुलेन का मामला।

**मेरठ–** युवक के लिए फरिश्ता बनकर पहुंची पुलिस, पारिवारिक विवाद में फांसी लगा रहा था युवक, कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने युवक को उतारा, फंदे पर लटका देख परिजनों ने पुलिस को दी थी सूचना, तत्परता दिखाते हुए चंद मिनटों में पहुंची पुलिस, युवक की जान बचा पूछताछ कर रही पुलिस, पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी आया सामने, थाना परतापुर क्षेत्र के उपलेडा गांव का मामला।

**जौनपुर अपडेट–** भारत समाचार की खबर का हुआ बड़ा असर, थाना प्रभारी बरसठी कश्यप कुमार सिंह निलंबित, जौनपुर के पुलिस अधीक्षक की कार्रवाई से मचा हड़कंप, बरसठी के थाना प्रभारी बनाए गए राजेश यादव, विवेक यादव हत्याकांड पर उठ रहे थे कई सवाल, पुलिस, ग्रामीणों के बीच हुई थी जमकर पत्थरबाजी, बरसठी थाना क्षेत्र के निगोह बाजार का पूरा मामला।

# आरजेएस पीबीएच का पब्लिक एड्रेस सिस्टम सकारात्मक आंदोलन और प्रवासियों व भारतीयों के बीच सेतु बनेगा


## आरजेएस पीबीएच तैयार कर रहा है सकारात्मक आंदोलन का दस्तावेज, अबकी बार यादगार रहेगा

## गणतंत्र व प्रवासी भारतीय दिवस का अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम

**संज्ञान दृष्टि टीम**

**नई दिल्ली (संज्ञान दृष्टि)।** राम जानकी संस्थान पॉजिटिव ब्रॉडकास्टिंग हाउस (आरजेएस पीबीएच) दुनिया में सकारात्मक सोच के आंदोलन को जन–जन तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। आरजेएस पीबीएच के राष्ट्रीय संयोजक उदय कुमार मन्ना ने बताया कि अमृत काल का सकारात्मक भारत–उदय के 270 में संस्करण में 9 अक्टूबर को गणतंत्र दिवस और प्रवासी भारतीय दिवस की तैयारियों पर ऑनलाइन वाद– संवाद का आयोजन किया गया। सत्येंद्र –सुमन त्यागी, ब्रज किशोर ने कहा कि सकारात्मक आंदोलन से जुड़ने का अभी समय है , सही समय है। कार्यक्रम में सुशीला रंजन और प्रदीप बघेल भी शामिल रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि 85 वर्षीय साधक ओम प्रकाश जी ने नवरात्र के नौ देवियों का आह्वान करते हुए आरजेसियंस से एकजुटता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच का आंदोलन, विश्व शांति के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने विजयदशमी के दिन 12 अक्टूबर को ''नकारात्मकता पर सकारात्मक का विजयोत्सव'' के ऑनलाइन कार्यक्रम में सायं 5 बजे जुटने का आह्वान किया। आरजेएस पीबीएच न्यूज लेटर के अतिथि संपादक राजेंद्र सिंह कुशवाहा ने अपने–अपने ग्रुप में कार्यक्रम के सह–आयोजकों से आरजेएस पीबीएच के कार्यक्रम में लोगों को जोड़ने का प्रस्ताव किया, जो मंजूर हो गया। इसके साथ साथ उन्होंने जगह–जगह से आरजेसियंस के संवाद को आरजेएस पीबीएच स्टूडियोज से प्रसारण का अनुरोध किया जिसे विचार विमर्श के बाद लागू किया जा सकता है। आरजेएस ऑब्जर्वर दीप माथुर ने कहा कि गणतंत्र दिवस व प्रवासी भारतीय दिवस के उपलक्ष्य में 19 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम की तैयारियों में पॉजिटिव मीडिया पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम प्रभावी साबित होगा। उन्होंने आशा सकारात्मक आंदोलन की कोशिशों को पुलिस व जनता का भरपूर समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम जब भी हम पॉजिटिव मीडिया पब्लिक मीटिंग करें,हमारा दृष्टिकोण और नजरिया बहन–भाई से मिलने और बातें करने का रहे। एडवोकेट सुदीप साहू ने कहा कि भारी संख्या में गैदरिंग होने की संभावना होने की स्थिति में पुलिस –प्रशासन को सूचित करना एहतियातन व सराहनीय कदम है।




# नवरात्रि के शुभ अवसर पर श्री भवानी पब्लिक स्कूल में मनाया गया धूमधाम से प्रोग्राम




**घनश्याम गुप्ता**

**रायबरेली (संज्ञान दृष्टि)।** नवरात्रि के शुभ अवसर पर मुंशीगंज स्थित श्री भवानी पब्लिक स्कूल में अष्टमी के शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर में मां भगवती के रूप में बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया!

विद्यालय प्रबंधक द्वारा छोटी–छोटी कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया! विद्यालय प्रबंधक ने कहा कि स्कूल में ऐसे आयोजन करने से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है और बच्चों को खुशी मिलती है! विद्यालय हमेशा से बच्चों के हित को ध्यान में रखकर कार्यक्रम करवाता रहता है!

## यह हल्दिया में दुर्गा पूजा मंडपों में से एक है



**मृणाल रंजन मैती**

**हल्दिया, पूर्व मेदिनीपुर (संज्ञान दृष्टि)।** हल्दिया में दुर्गा पूजा के एक पूजा मंडप हाजरा मोड़ की तस्वीर दिखाई गई है। यह मंडप वासुदेवपुर हाजरा मोड़ दुर्गोत्सव समिति (मैत्रीभूमि) की पहल से बनाया गया है। इस मंडप में कुछ दिनों तक भक्त फूल चढ़ाने के लिए एकत्रित होते हैं। कई दिनों तक भव्य तरीके से प्रसाद वितरित किया जाता है और बैठकर भोजन की व्यवस्था की जाती है।इस मंडप को कई वर्षों तक श्रेष्ठ पूजा के सम्मान से सम्मानित किया गया है।

यदि आप संज्ञान दृष्टि पर कोई विज्ञापन देना चाहते है या किसी अन्य प्रकार के व्यावसायिक अनुबंध के इच्छुक है तो हमे
sangyandristinewspaper@gmail.com
पर ईमेल कर सकते हैं।
व्हाटसएप नम्बर
+91–7080049049

व्हाट्सएप पर सम्पर्क के लिए
70800–49049
95824–49049
Website :
www.sangyannews.com
sangyandrsitinewspaper@gmail.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक प्रांजल श्रीवास्तव द्वारा मंजुला आफसेट, काशीनगर, लखीमपुर–खीरी से मुद्रित तथा 132/2 काशीनगर चोपड़ा इंडस्ट्री लखीमपुर–खीरी, उ0प्र0 से प्रकाशित

सम्पादक– प्रांजल श्रीवास्तव

(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)

# राजेंद्र नगर के गोल पार्क की रामलीला में पहुंचे कई माननीय अतिथि




**पवन शर्मा**

**साहिबाबाद (संज्ञान दृष्टि)।** राजेंद्र नगर के गोल पार्क में श्री रामलीला कमेटी में आज बृज चंद रामलीला एवं कृष्ण लीला मंडली द्वारा अंगद रावण संवाद एवं लक्ष्मण शक्ति की लीला का मंचन बड़े ही सुंदर रूप में व्यास श्री पवन कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। श्री गिरधारी लाल,सोनू चतुर्वेदी, गणेश चतुर्वेदी, अनिरुद्ध, भोलेनाथ, बैकुंठ, दिलीप, माधव,अनुज चतुर्वेदी, महिला कलाकार रिंकी, मनीषा एवं आरती आदि कलाकारों द्वारा सुंदर ढंग से लीला का मंचन किया गया। मंचन का लोगों ने भरपूर आनंद उठाया और तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह वर्धन भी किया। लीला में मुख्य अतिथि मानसिंह गोस्वामी एवं पूर्व पार्षद करेड़ा बिजेंद्र सिंह चौहान, राजेंद्र नगर से पार्षद मदन राय तथा साहिबाबाद के एसीपी रजनीश कुमार रहे। श्री रामलीला कमेटी के मुख्य संयोजक एसपी सिंह, संरक्षक कुसुम सिंह पूर्व पार्षद, मुख्य संरक्षक सत्येंद्र सिंह परिहार, अध्यक्ष रमाकांत पांडे, महामंत्री रामजी झा, उपाध्यक्ष राकेश सूद, धर्मेंद्र दुबे, तिलकराम पांडे, रविंद्र कोहली, कमलेश यादव, राजकुमार गुप्ता, अमन ठाकुर, सुरेंद्र भारती, चंदन झा, के के दुबे, भूपेंद्र मेहता, विपुल जैन, दिलीप गुप्ता, अनीता झा, शोभा दुबे, संध्या सिंह, सतीश सिंह, अजय सिंह, अजय कुमार, सोनू मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, कन्हैया आदि लोगों की उपस्थिति में सुंदर ढंग से रामलीला का मंचन किया गया।

मुख्य संयोजक एसपी सिंह ने बताया की रामलीला में अपार जनसमूह आ रहा है और साथ ही लोग मेले का भी भरपूर आनंद उठा रहे हैं।

# रामलीला का फीता काट कर किया मंचन का आरामभ

**विभोर भारद्वाज**

**उधम सिंह नगर/सुल्तानपुर पट्टी (संज्ञान दृस्टि)।** आज सुल्तानपुर पट्टी में आदर्श रामलीला कमेटी के प्रतेक दिन का शुभ आरम्भ मुख्य अतिथि द्वारा किया जाता हैं। उसी कर्म मे आज बरिष्ठ ब्यपारी विपिन अग्रवाल और उनके सुपुत्र द्वारा रामलीला का मंचन प्रारम्भ किया आदर्श रामलीला कमेटी अध्यक्ष ने बर्ता मे बताया की हर बर्ष के भाती इस बर्ष भी विपिन अग्रवाल के द्वारा रामलीला का मंच प्रारम्भ किया गया तथा विपिन अग्रवाल द्वारा राम लीला मे अनेक योगदान रहता हैं। रामलीला अध्यक्ष ने बताया की विपिन अग्रवाल तन मन धन से पूर्ण सहयोग करते रहे हैं और प्रभु की लीला का गुणगान भी करते रहे हैं प्रभु श्री राम के लिए वह अपना समय भी रामलीला कमेटी को देते रहे हैं इसी को देखते हुए रामलीला कमेटी ने विपिन अग्रवाल को आज 9 बे दिवस का मुख्य अतिथि विपिन अग्रवाल को बनया गया जिन्होंने अपने शुभ कर कमलों से फीता काट कर मंच को पप्रारम्भ किया राम लीला कमेटी के अध्यक्ष ने विपिन अग्रवाल को तिलक लगाकर एवं फूल मला पहनाकर उनका स्वागत किया विपिन अग्रवाल ने बताया की उन्हें हर बर्ष के भाती इस बर्ष भी राम की लीला के मंचन को प्रारम्भ करने का शुभ अबसर प्राप्त हुआ उन्हीने बतया की बह प्रभु की लीला का मंचन देखते आये हैं और उन्होंने मंचन करने बाले सभी ब्यक्तिओ की जमकर तारीफ की और साथ ही कमेटी का धन्यबाद किया। विपिन अग्रवाल ने राम जी को तिलक किया और मंचन प्रारम्भ किया गया। इस अबसर पर विपिन अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, नमित चंद्रा, आदर्श वर्मा अमन शर्मा, मयूर, कुंज अग्रवाल राजेंद्र, विशेष गुप्ता, अजय कालरा और कमेटी के सभी सदस्य व अध्यक्ष मौजूद रहे. अंत मे विपिन अग्रवाल और उनके साथी गण को राम दरवार उपहार स्वरुप प्रदान किया गया।



# सट्टे की खाईबाड़ी करते एक गिरफ्तार



**विशाल अग्रवाल**

**उधम सिंह नगर/केलाखेड़ा (संज्ञान दृष्टि)।** वरिष्ठ अधीक्षक के आदेशानुसार थाना केलाखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत थाना अध्यक्ष के निर्देशन मे नरेन्द्र सिंह अधिकारी अपनी टीम के साथ चेकिंग पर निकले जब वह मासूमनगर पहुचे तो वह ब्यक्ति सट्टे की खाई बाड़ी कर रहा था जिसके पास से 1110 रूपये व सट्टे की कुछ पर्चीया निकली। अधिकारी ने जब पूछताछ की तो उसने अपना नाम लाल सिंह बताया। मासूम नगर टावर के पास से लाल सिंह नमक ब्यक्ति को सट्टे की खाई बाड़ी करते गिरफ्तार किया गया जिस पर जुआ अधिनियम के तहत करयावाही की गयी और उसे न्याललय मे पेश किया गया थाना अध्यक्ष ने कहा की किसी भी तरह का गैर कानूनी कार्य नहीं करने दिया जायेगा और ना ही किसी अपराधी को बक्शा जायेगा। गिरफ्तारी करने बाली टीम मे उप निरक्षक नरेंद्र सिंह अधिकारी कांस्टेबल इमदाद हुसैन, रविंद्र कुमार और गोविन्द सामंत शामिल रहे।

## रामलीला में लक्ष्मण ने किया मेघनाथ का वध, आज होगा रावण दहन



**शशिभूषण दूबे**

**उसका बाजार सिद्धार्थ नगर (संज्ञान दृष्टि)।** कस्बा में स्थित श्री पयोहारी आश्रम उसका राजा द्वारा आयोजित होने वाली राम लीला क्षेत्र में काफी मशहूर हैं और इन्हें देखने के लिए दूर–दूर से लोग आयोजन स्थलों तक पहुंचते हैं। रामलीला में शुक्रवार को मंचन की शुरुआत मेघनाथ वध से हुआ। मेघनाथ के वध की खबर सुनकर रावण ने नारंतक को युद्ध के लिए बुलाया।रावण की आज्ञा पाकर नारंतक भगवान राम से युद्ध करने पहुंच गया। युद्ध के दौरान सुग्रीव के पुत्र दधिबल के हाथों नारंतक मारा गया। रामलीला के आयोजक लाल बहादुर दास ने बताया की दशहरा के दिन शनिवार को राम रावण युद्ध इसके बाद रावण का विशाल पुतला दहन का मंचन होगा।

## गाव नमुना आठ अ साठी भांबवाशियाचे रास्ता रोको आंदोलन

**सय्यद मुदस्सीर**

**यवतमाळ (संज्ञान दृष्टी)।** यवतमाळ महागाव तालुक्यातील भांब येथील नागरिक गेल्या पंचवीस वर्षापासून गाव नमुना आठ मिळवण्यासाठी प्रशासनासोबत संघर्ष करत आहेत परंतु अद्याप पर्यंत त्यांच्या मागणीला यश आले नव्हते सतत पंचवीस वर्षाचा संघर्षाला कंटाळून शेवटी सात ऑक्टोबर रोजी भांब येथील पाच नागरिक तहसील कार्यालय महागाव येथे आमरण उपोषणास बसली होते आमरण उपोषणाचा चौथा दिवस उलटून सुद्धा प्रशासकीय पातळीवर कोणत्याही प्रकारचा निर्णय होत नसल्यामुळे शेवटी शुक्रवारला चक्काजाम करण्याचा इशारा त्यांनी प्रशासनाला दिला यावेळेस प्रशासकीय अधिकाऱ्यांनी वाटाघाटीचा प्रयत्न केला परंतु कोणत्याही प्रकारची चर्चा यशस्वी झाली नाही शेवटी उपविभागीय अधिकारी उमरखेड यांच्या मार्गदर्शनात तहसीलदार महागाव यांनी उपोषणकर्त्यांसोबत सकारात्मक चर्चा करून दुपारी दोन वाजता या उपोषणाची सांगता झाली दुर्दैवाची बाब म्हणजे उपोषणकर्त्या नागरिकांना उमरखेड महागाव विधानसभा क्षेत्रातील लोक प्रतिनिधींनी भेट दिली नसल्याची खंत गावकऱ्यांनी व्यक्त केली आहे आमरण उपोषण आणि चक्काजाम आंदोलनामध्ये मोठ्या संख्येने भांबवासीय सहभागी झाले होते मराठी नाईन न्यूज साठी सचिन उबाळे महागाव

